Title: Need to do away with the distance concept of reserve area for sugar mills with a view to providing permission for vacuum pan system to Khandsari -laid.
units.

श्री अमर पाल सिंह (मेरठ): हमारे देश में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश में गन्ना चीनी मिलें किसानों के कुल गन्ना उत्पादन का केवल ३५ प्रतिशत ही पेराई कर पाती हैं। शेष गन्ना खांडसारी इकाइयों के द्वारा पेराई किया जाता है। जिसके कारण किसानों को खांडसारी इकाइयों की कम रिकवरी के कारण पैसा कम मिलता है।

अब जबकि भारत सरकार ने खांडसारी इकाइयों को वैक्यूम पैन के प्रयोग की अनुमति दे दी है लेकिन उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है कि मिलों के रिजर्व क्षेत्र से जो इकाइयां बाहर होंगी, वे ही इस विधि का प्रयोग कर सकेंगी। इससे किसानों को कोई लाभ नहीं होगा। क्योंकि मिलों की क्षमता केवल ३५ प्रतिशत गन्ना पेराई करने की है। इससे किसानों को विवश होकर फिर से उन खांडसारी इकाइयों को ही गन्ना देना पड़ेगा जो मिल क्षेत्र में चल रही हैं और इससे उनकी रिकवरी भी नहीं बढ़ेगी।

अतः मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि गन्ना किसानों के लाभ के लिए वैक्यूम पैन के लिए चीनी मिलों के रिजर्व क्षेत्र के जो मापदंड हैं उनको समाप्त किया जाए ताकि समस्त खांडसारी इकाइयों को वैक्यूम पैन की अनुमति का लाभ मिल सके और गन्ना किसानों को वे बढ़े हुए मूल्य दे सकें। मैं यहां पर यह भी अनुरोध करना चाहूंगा कि चीनी मिलों के हितों के लिए तो इतना ही काफी है कि रिजर्व क्षेत्र में नई खांडसारी इकाइयों की स्थापना पर प्रतिबंध लगा दिया जाए।